PRINT

# पंजाब केसरी (Punjab Kesri)

| | | |
|---|---|---|
| National News Paper | Edition : Delhi | Circulation: 335610 |
| दिनांक (Dated): 01-07-25 | पृष्ठ सं. (Page No.) 02 | क्रम सं. (Serial No.) 10 |

### सीआईएसएफ ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि की हासिल

## सीआईएसएफ में चार महिला अधिकारी बनीं आईजी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। पहली बार बल में चार सेवारत महिला अधिकारियों को इंस्पेक्टर जनरल (आईजी) स्तर का पद प्राप्त हुआ है। शांति जयदेव को आईजी, ईस्टर्न सेक्टर, नीलिमा रानी को आईजी, सेंट्रल सेक्टर, प्रतिभा अग्रवाल को आईजी, टेक्निकल एवं प्रोविजनिंग (मुख्यालय) और ज्योति सिन्हा को आईजी, परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) एवं अंतरिक्ष विभाग (डीओएस) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह न केवल संगठन के भीतर नेतृत्व में लैंगिक समानता की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि अब आईजी रैंक पर 50 प्रतिशत पदों पर महिलाएं हैं।

सीआईएसएफ में वर्तमान में 12,510 से अधिक महिला कर्मी कार्यरत हैं, जो कुल बल का लगभग 8 प्रतिशत हैं। यह आंकड़ा सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में सबसे अधिक है। महिला सशक्तिकरण के इसी प्रयास को आगे बढ़ाते हुए गृह मंत्रालय ने


शांति जयदेव


नीलिमा रानी


ज्योति सिन्हा


प्रतिभा अग्रवाल

जनवरी 2025 में हरियाणा के नूंह जिले में सीआईएसएफ की पहली ऑल-वूमन बटालियन की स्थापना को मंजूरी दी है। यह बटालियन विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करेगी और वीआईपी सुरक्षा, एयरपोर्ट व दिल्ली मेट्रो जैसी अहम ड्यूटी में तैनात की जाएगी।

महिला कर्मियों के कार्य और पारिवारिक जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए दिसंबर 2024 में लागू की गई नई पोस्टिंग नीति के तहत उन्हें विशेष प्राथमिकता दी गई है। अब छह साल की गैर-पसंदीदा पोस्टिंग के बाद, महिला कर्मियों को अपनी शेष सेवा के लिए पसंदीदा पोस्टिंग मिल सकेगी। इसके साथ ही, पति-पत्नी दोनों यदि कार्यरत हों, तो उन्हें एक ही स्थान पर तैनात करने का प्रावधान भी शामिल किया गया है। महिला कर्मियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मुख्यालय स्तर पर एक विशेष 'वीमेन डेस्क' की स्थापना की जा रही है, जो उनके मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने का कार्य करेगा। जून 2025 में आयोजित हुई सीआईएसएफ की अब तक की सबसे बड़ी स्पोर्ट्स भर्ती प्रक्रिया भी महिला भागीदारी के प्रति बल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस प्रक्रिया में 229 महिला खिलाड़ियों के साथ 204 पुरुष खिलाड़ियों की भी भर्ती की जा रही है। भर्ती पूरी होने के बाद सीआईएसएफ की कुल स्पोर्ट्स टीमों की संख्या 26 से बढ़कर 60 हो जाएगी, जिसमें 29 महिला और 31 पुरुष टीमें होंगी।